एक अधिनियम दिल्ली राज्य में लागू सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 में संशोधन करने हेतु एक अधिनियम।

भारत गणराज्य के सतहत्तरवें वर्ष में दिल्ली विधान सभा द्वारा यह निम्नलिखित रूप से अधिनियमित हो-

| | |
|---|---|
| **संक्षिप्त शीर्षक एवं प्रारंभ** | 1. इस अधिनियम को सोसायटी पंजीकरण (दिल्ली संशोधन) अधिनियम, 2026 कहा जाएगा।<br><br>2. यह सरकार द्वारा आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित होने की तिथि से लागू होगा। |
| **1860 के अधिनियम XXI में धारा 12सी के पश्चात् धारा 12डी का अंतःस्थापन** | 12डी- धारा 12सी के पश्चात्, निम्नलिखित धारा को अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्ः<br><br>12डी- कतिपय परिस्थितियों में पंजीयक की पंजीकरण को निरस्त करने की शक्ति-(1) इस अधिनियम में निहित किसी बात के होते हुए भी, पंजीयक निम्नलिखित आधारों में से किसी पर लिखित आदेश द्वारा किसी सोसायटी का पंजीकरण निरस्त कर सकता है-<br>क) कि सोसायटी या उसके नाम का पंजीकरण या नाम परिवर्तन इस अधिनियम के प्रावधानों या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून के प्रतिकूल है.<br><br>(ख) कि इसकी गतिविधियों या प्रस्तावित गतिविधियों सोसायटी के उद्देश्यों को नष्ट करने वाली या सार्वजनिक नीति की विरोधी हो गई है अथवा है या हो जाएंगी,<br><br>(ग) कि पंजीकरण या नवीनीकरण का प्रमाण-पत्र गलत बयानी या धोखाधडी से प्राप्त किया गया है।<br><br>बशर्ते कि किसी भी सोसायटी के पंजीकरण के निरसन का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक कि सोसायटी को अपना नाम या उद्देश्य बदलने या उसके संबंध में की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध कारण बताने का उचित अवसर प्रदान न किया गया हो।<br><br>(2) उप-धारा (1) के अंतर्गत किए गए आदेश के विरुद्ध कोई अपील उस प्रभाग के आयुक्त को अधिमानतः ऐसे आदेश की सूचना की तिथि से एक माह के भीतर की जा सकती है, जिसके अधिकार क्षेत्र में सोसायटी का मुख्यालय स्थित है।<br><br>(3) उप-धारा (2) के अतर्गत आयुक्त का निर्णय अंतिम होगा तथा किसी भी न्यायालय में पश्नगत नहीं किया जाएगा। |

मनमीत सिंह वालिया, संयुक्त सचिव

